राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल की अध्यक्षता में खुदाबख्श ओरियेन्टल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड की बैठक सम्पन्न

पटना, 14 नवम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक की अध्यक्षता में खुदाबख्श ओरियेन्टल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड की बैठक राजभवन सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने कहा कि अत्यन्त प्राचीन एवं ख्यातिप्राप्त इस पुस्तकालय को तकनीकी रूप से भी समृद्ध बनाया जाना जरूरी है तथा इसकी आधारभूत संरचनाओं को भी विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय की बहुमूल्य पांडुलिपियों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था भी आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि खुदाबख्श लाइब्रेरी बोर्ड को ऐसी तकनीकी व्यवस्था बहाल करने पर विचार करना चाहिए, जिससे देशी–विदेशी अधिकाधिक शोधार्थी ऑन–लाइन रूप में भी दुर्लभ पुस्तकों को देख–पढ़ सकें।

बोर्ड की बैठक में यह सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि लाइब्रेरी की डिजिटीकृत पांडुलिपियों को यथासंभव पब्लिक डोमेन में डालने पर विचार हेतु पुस्तकालय के वर्तमान निदेशक–सह–पटना के प्रमंडलीय आयुक्त एक उप समिति का गठन करेंगे, ताकि शोधार्थी इनका अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

बैठक के दौरान संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव, श्री पंकज राग ने बताया कि नये निदेशक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है, फलतः पुस्तकालय के लिए नये निदेशक की नियुक्ति शीघ्र संभव हो सकेगी।

पांडुलिपियों के समुचित रख–रखाव हेतु आवश्यक परामर्श देने हेतु भी एक उप समिति के गठन का बोर्ड में निर्णय लिया गया। बैठक में पुस्तकालय की स्थापना से संबंधित अन्यान्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री पंकज राग, महालेखाकार (ए एण्ड ई बिहार), श्री एस॰ सुरेश कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त–सह–खुदा बख्श ओरिएन्टल पब्लिक लाइब्रेरी के निदेशक श्री आनंद किशोर, शिक्षा विभाग, बिहार के सचिव, डॉ॰ रजी अहमद, मो॰ शरफुद्दीन खान, प्रो॰ शबाहत हुसैन, प्रो॰ शरफे आलम, प्रो॰ अब्दुल बारी, श्री प्रवीण कुमार आदि भी उपस्थित थे।

....